>

Title: Regarding households deprived of Below Povert Line (BPL) Scheme.

श्री नायब सिंह सैनी (कुरूक्षेत्र) : अध्यक्ष जी, मैं बहुत ही जनहित का विषय सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं । अध्यक्ष जी, भारतीय जनता पार्टी के विचारक पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी ने एक शब्द कहा था कि लाइन में खड़े अंतिम व्यक्ति का उदय करेंगे, यह हमारा ध्येय है । इस बात को श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने वर्ष 2001 में जो देश का अति पिछड़ा व्यक्ति था, गरीब व्यक्ति था, उसे बीपीएल सूची में शामिल करके सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम किया । लगातार यह लाभ उन तक पहुंचता रहा, लेकिन वर्ष 2011 में बीपीएल का दोबारा सर्वे हुआ और उस सर्वे के अंदर बहुत बड़ी खामी यह रही कि कांग्रेस की सरकार थी । मेरे हरियाणा में मेरे सामने काफी विषय आए कि अगर किसी के पास दस एकड़ जमीन है या बीस एकड़ जमीन है, उस व्यक्ति को बीपीएल की सूची में शामिल कर दिया और जो छोटा व्यक्ति है, गरीब व्यक्ति है, जो उसका पात्र है, उसे सूची से बाहर कर दिया । कई बार इस प्रकार की स्थिति भी आती है कि जो परिवार बीपीएल में शामिल नहीं है और प्राकृतिक दुर्घटना के कारण वह गरीब हो जाता है ।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से यह निवेदन है कि बीपीएल का सर्वे किया जाए । पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी ने जो विचार दिया था, आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने लोगों तक उसका लाभ पहुंचाने का काम किया था । अब आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार गरीबों तक लगातार विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है ।

मेरा आपसे पुन: यह निवेदन है कि बीपीएल का दोबारा सर्वे किया जाए, ताकि उन पात्र व्यक्तियों को इसका लाभ मिल सके । मुझे आपके माध्यम से यह बात सरकार के ध्यान में लानी थी। धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती रेखा वर्मा एवं श्रीमती रमा देवी को श्री नायब सिंह सैनी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।